स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

सत्यमेव जयते

rcues
Lucknow

ए० के० गुप्ता
अपर निदेशक
A.K. GUPTA
Additional Director

क्षेत्रीय नगर एवं पर्यावरण अध्ययन केन्द्र (शहरी विकास मंत्रालय, भारत सरकार)
Regional Centre for Urban & Environmental Studies, Lucknow (Ministry of Urban Development, Govt. of India)

URC/ 03 (2)/AD– 24 /2016-17

दिनांक : 01/4/16

सेवा में,

सचिव,
नगर विकास विभाग,
अनुभाग–5, उ0 प्र0 शासन,
बापूभवन, लखनऊ।

विषयः स्मार्ट सिटी मिशन के अन्तर्गत चयनित नगरों के कन्सलटेन्टों के चयन के सम्बन्ध में।

महोदय,

दिनांक 19.2.2016 को स्मार्ट सिटी के अन्तर्गत कन्सलटेन्ट को नगर आवंटित करने तथा नेगोसिएशन हेतु आप की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा शेष 11 शहरों के स्मार्ट सिटी प्रपोजल को पुनःनिरीक्षित किये जाने की कार्यवाही प्रारम्भ करने का निर्णय लिया गया था तथा जिसके कम में दिनांक 05.03.2016 को क्षेत्रीय नगर एवं पर्यावरण अध्ययन केन्द्र, लखनऊ में एक दिवसीय कार्यशाला का भी आयोजन किया गया था जिसमें यह निर्णय लिया गया कि जो नगर आयुक्त अपने पूर्व में कन्सलटेन्ट नियुक्त कन्सलटेन्ट में परिवर्तन चाहते हो तो उनकी सहमति प्राप्त करते हुए पूर्व में भारत सरकार द्वारा निर्धारित आर0एफ0पी0 डाक्यूमेन्ट पर वित्तीय निविदाएं आमंत्रित कर ली जाए तथा यह वित्तीय निविदाएं उन्ही कन्सलटेन्ट से प्राप्त की जाए जिनके प्रपोजल भारत सरकार द्वारा चयनित 20 नगरों के कन्सलटेन्ट जिनके द्वारा स्मार्ट सिटी प्रपोजल बनाये गये थे। उक्त के अनुसार भारत सरकार द्वारा प्रथम चरण में चयनित नगरों के 14 कन्सलटेन्ट के प्रस्ताव स्वीकृत हुए है जिसकी सूची संलग्न है।

उक्त सूची के आधार पर भारत सरकार द्वारा स्वीकृत आर0एफ0पी0 डाक्यूमेन्ट ई–मेल के माध्यम से प्रेषित किये जा रहे हैं तथा वित्तीय निविदा की प्राप्ति की तिथि 9 अप्रैल 2016 सायं 4:00 बजे तक निर्धारित की गई हैं तथा उसी दिन निविदाएं समिति के समक्ष खोली जानी प्रस्तावित है। आर0एफ0पी0 डाक्यूमेन्ट की प्रति ई–मेल के माध्यम से प्रेषित की जा रही है।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त आर0एफ0पी0 डाक्यूमेन्ट की प्रति नगर विकास विभाग, उ0प्र0 शासन की वेबसाइट पर भी अपलोड कराये जाने का कष्ट करें।

भवदीय,

(ए0के0 गुप्ता)

प्रतिलिपिः

1. मिशन निदेशक/निदेशक (स्मार्ट सिटी योजना), नगरीय निकाय निदेशालय, आठवां तल, इन्दिरा भवन, लखनऊ, को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त आर0एफ0पी0 डॉक्यूमैन्ट को निदेशक की वेवसाइट पर भी अपलोड कराने का कष्ट करे।

2. नगर आयुक्त नगर निगम,
मुरादाबाद / अलीगढ़ / सहारनपुर / बरेली / झांसी / कानपुर / इलाहाबाद / लखनऊ / वाराणसी / गाजियाबाद / आगरा को इस अनुरोध के साथ प्रेषित की उक्त आर0एफ0पी0 डाक्यूमैन्ट अपनी वेवसाइट पर भी अपलोड कराये जाने का कष्ट करे।
3. मुख्य विकास अधिकारी, रामपुर को इस अनुरोध के साथ प्रेषित की उक्त आर0एफ0पी0 डाक्यूमैन्ट अपनी वेवसाइट पर भी अपलोड कराये जाने का कष्ट करे।
4. अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, रामपुर को इस अनुरोध के साथ प्रेषित की वह भी उक्त आर0एफ0पी0 डाक्यूमैन्ट अपनी वेवसाइट पर भी अपलोड कराये जाने का कष्ट करे।
5. डा0 अलका सिंह, उप निदेशक, आरसीयूईएस को सूचनार्थ प्रेषित।
6. श्री0 हिमान्शु चन्द्रा, सहायक निदेशक, आरसीयूईएस को सूचनार्थ प्रेषित।
7. डा0 नसरूद्दीन, सहायक निदेशक, आरसीयूईएस को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि वह आर0एफ0पी0 डाक्यूमेन्ट को केन्द्र की वेवसाइट पर आपलोड कराने का कष्ट करें।

(ए0के0 गुप्ता)